<u>प्रादेशिक समाचार</u>
<u>दिनांक–24.11.2024 (दोपहर–1310 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने युवाओं से राजनीति से जुड़ने का किया आहवान।
2. श्री मोदी ने आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में कहा –एक पेड़ मां के नाम अभियान ने केवल पांच महीनों में 100 करोड़ पेड़ लगाने की महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की।
3. इंडिया ब्लॉक के नवनिर्वाचित विधायकों की आज रांची में हो रही है बैठक, हेमन्त सोरेन को विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद शाम चार बजे राज्यपाल से मुलाकात कर पेश करेंगे सरकार बनाने का दावा।
4. भाजपा ने कहा – पार्टी सकारात्मक विपक्ष की भूमिका निभाएगी।

*******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने युवाओ से राजनीति से जुड़ने का आहवान किया है। श्री मोदी ने आज आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में कहा कि अगले वर्ष स्वामी विवेकानंद की 162वीं जयंती पर दिल्ली में विकसित भारत युवा नेतृत्व संवाद का आयोजन किया जाएगा। देश हर वर्ष 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद की जयंती पर युवा दिवस मनाता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस संवाद में पूरे देश से करोड़ों युवा भाग लेंगे।

श्री मोदी ने कहा कि–एक पेड़ मां के नाम अभियान ने केवल पांच महीनों में 100 करोड़ पेड़ लगाने की महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल कर ली है।

आज राष्ट्रीय कैडेट कोर–एनसीसी दिवस है। श्री मोदी ने कहा कि एनसीसी युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व और सेवा की भावना पैदा करती है।

प्रधानमंत्री ने डिजीटल अरेस्ट से बचाव के लिए लोगों को जागरूक करने पर भी जोर दिया।

श्री मोदी ने स्वच्छता अभियान पर जोर देते हुए कहा कि सरकारी कार्यालयों से दशकों पुरानी फाइलें हटाने के लिए विशेष अभियान चलाया गया है।

*******************

झारखंड में इंडिया ब्लॉक के नवनिर्वाचित विधायक आज अपना नेता चुनने के लिए रांची में बैठक कर रहे हैं। यह बैठक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आधिकारिक आवास पर हो रही है।

इंडी गठबंधन के नेता आज शाम चार बजे राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मुलाकात कर सरकार बनाने का दावा पेश करेंगे।

*******************

झारखंड विधानसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन ने 56 सीटों पर जीत दर्ज कर पूर्ण बहुमत हासिल कर लिया है। झामुमो ने 34 जबकि कांग्रेस ने 16, आरजेडी ने चार और भाकपा माले ने दो सीट पर जीत दर्ज की है। वहीं एनडीए को 24 सीटों पर जीत मिली है जिनमें भाजपा को 21 तथा आजसू, लोजपा और जदयू ने एक–एक सीट पर जीत दर्ज की है। बिना किसी गठबंधन में शामिल हुए चुनाव लड़ रहे झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के जयराम महतो ने डुमरी विधानसभा सीट से जीत दर्ज की है।

*******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इंडिया गठबंधन को बहुमत मिलने पर लोगों का आभार जताते हुए कहा कि जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे।

श्रीसोरेन ने कहा कि झारखंड पर लगे पिछड़ेपन के कलंक को मिटाना है और समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है।

*******************

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बधाई देते हुए कहा कि हम जनादेश को स्वीकार करते हैं।

*******************

कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि झारखंड की जनता ने इंडिया गठबंधन को सम्मानजनक जनादेश देकर विरोधियों को जवाब दे दिया है और अब हम आगे की रणनीति में जुट गये हैं।

*******************

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि जनादेश के अनुसार पार्टी सकारात्मक विपक्ष की भूमिका निभाएगी।

*******************

राजधानी रांची समेत राज्यभर में ठंड बढ़ने लगी है। गुमला, चतरा और लोहरदगा का न्यूनतम तापमान 9 दशमलव पांच डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया जबकि रांची का न्यूनतम तापमान 11 दमशमल आठ डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है। रांची स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अगले पांच दिनों तक सुबह के वक्त कोहरा और दोपहर के वक्त बादल छाये रहेंगे।

*******************

राजधानी रांची के जेएससीए इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में चल रही सीनीयर विमेंस टी–20 मैच में इंडिया सी ने इंडिया ई को छह विकेट से हरा दिया। वहीं दूसरे मैच में इंडिया बी ने इंडिया डी को 73 रनों से हरा दिया है।

*******************